कार्यालय जनपद न्यायाधीश, ललितपुर।

आदेश

प्रशासनिक आदेश संख्या– 02 /2026 **दिनांक–**03–01–2026

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा अधीनस्थ न्यायालयों में उपयोग हेतु वर्ष 2026 का कलैण्डर उपलब्ध कराया गया है, जिसमें टिप्पणी क्रमांक 03 में अधोहस्ताक्षरी को 05 स्थानीय अवकाश जिला मजिस्ट्रेट, से परामर्श करके, टिप्पणी क्रमांक 07 में यदि कोई राष्ट्रीय अथवा अन्य अवकाश द्वितीय शनिवार अथवा रविवार को पड़ता है तो उसके स्थान पर अतिरिक्त दिवसों का अवकाश, टिप्पणी क्रमांक –08 के अनुसार कार्य दिवस एक वर्ष में 265 दिन से कम नही रहेगा।

अतः माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा निर्गत निर्देशों के अन्तर्गत जिला मजिस्ट्रेट, ललितपुर से परामर्श कर अवकाशों की समानता को दृष्टिगत रखते हुये निम्नलिखित स्थानीय त्योहारों में उनके सम्मुख अंकित तिथियों को मुख्यालय ललितपुर, तहसील महरौनी एवं तहसील तालबेहट में अधोहस्ताक्षरी के अधीन समस्त न्यायालयों एवं कार्यालयों में निम्नानुसार स्थानीय अवकाश घोषित किये जाते हैः–

क्र०सं०	स्थानीय त्यौहार का नाम	घोषित स्थानीय अवकाश का दिनांक
01.	मकर संक्रान्ति	14–01–2026 (बुधवार)
02.	होली भाईदोज	05–03–2026 (गुरूवार)
03.	हनुमान जंयती	02–04–2026 (गुरूवार)
04.	रक्षाबंधन	28–08–2026 (शुक्रवार)
05.	अनंत चतुर्दशी	25–09–2026 (शुक्रवार)

राष्ट्रीय अथवा रविवार व द्वितीय शनिवार को पड़ने वाले अन्य अवकाश के बदले में निम्नलिखित अतिरिक्त दिवसों के अवकाश घोषित किये जाते हैः–

क्र०सं०	रविवार व द्वितीय शनिवार को पडने वाले राष्ट्रीय अथवा अन्य अवकाश के नाम	घोषित अवकाश का दिनांक
01.	महाशिवरात्रि 15–02–2026	बसंत पंचमी 23–01–2026 (शुक्रवार)
02.	दीपावली 08–11–2026	दीपावली भाई दोज 11–11–2026 (बुधवार)

सर्व सम्बन्धित सूचित हो।

(अशोक कुमार सिंह–VII) 03-1-26
जनपद न्यायाधीश,
ललितपुर।

Send it to
be uploaded
on website